बिहार लोक सेवा आयोग,
15, नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना

**आवश्यक सूचना**

श्रम संसाधन विभाग, बिहार के नियंत्रणाधीन कारखाना निरीक्षक के 06 (छः) स्थायी पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित वि०सं० 01/2018 के उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन में निहित शर्तों के आधार पर अर्हित एवं अनर्हित उम्मीदवारों की सूची (कारण सहित) आयोग के बेवसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रकाशित की गयी है। अनर्हित उम्मीदवारों को अपनी अनर्हता पर यदि कोई आपत्ति हो तो अपनी उम्मीदवारी के सम्बन्ध में साक्ष्य/ प्रमाण के साथ अभ्यावेदन सिर्फ E-mail ID - bpscpat-bih@nic.in पर दिनांक–14.12.2020 तक दे सकते हैं। आपत्ति अभ्यावेदन के विचारोपरान्त अर्हित योग्य पाये जाने पर उन्हें औपबंधिक रूप से अर्हित किया जायेगा। तत्पश्चात् विज्ञापन की कंडिका– 5 के आलोक में औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों में से आरक्षण कोटिवार रिक्ति के पाँच गुणा उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

2. उम्मीदवारों के रजिस्ट्रेशन नम्बर को ही अनुक्रमांक माना गया है। उम्मीदवार प्रकाशित सूची में अपने रजिस्ट्रेशन नम्बर, नाम एवं जन्म तिथि के आधार पर अर्हता/अनर्हता की स्थिति से अवगत हो सकते हैं। साक्षात्कार कार्यक्रम बाद में आयोग के वेबसाईट पर अलग से प्रकाशित किये जाऐंगे।

3. वैसे अर्हित उम्मीदवार जिनके एकेडमिक सत्रों में से किसी सत्र का अंक पत्र अपूर्ण पाया गया है/समर्पित नहीं है, वे भी सम्बन्धित अंक पत्र निर्धारित समय तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। ऐसे उम्मीदवारों की सूची आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित है।

4. आयोग के निर्णयानुसार अर्हित उम्मीदवारों के एकेडमिक अंकों की गणना एवं समेकित प्रतिशत का प्रदर्शन आयोग के वेबसाईट पर कर दिया गया है, जिसे उम्मीदवार आयोग के वेबसाईट पर अपना User ID & Password, जो ऑनलाईन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवारों को मिला था, डालकर देख सकते हैं। तत्पश्चात् यदि किसी अर्हित उम्मीदवार को अपने एकेडमिक अंकों की गणना एवं समेकित प्रतिशत की गणना पर किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो वे भी निर्धारित तिथि तक अपने आपत्ति साक्ष्य सहित ई–मेल के माध्यम से भेज सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी प्रकार से प्राप्त आपत्ति पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

3.12.20

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना